SUNDAY | 09.03.2025 | फाल्गुन शुक्ल-दशमी विक्रम संवत-2081 दिल्ली-एनसीआर

# अमर उजाला

• राजधानी वर्ष 22 । अंक 330 । पृष्ठ : 16+8 । मूल्य : चार रुपये नई दिल्ली • 6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

क्लासिकल शतरंज का हमेशा रहेगा राज : गुकेश

स्पोर्ट्स

विश्व चैंपियन ने कहा कि खेल के सभी प्रारूपों में खेलने के लिए हूं तैयार

# गौतमबुद्ध नगर बनेगा देश का सबसे बड़ा एआई सेंटर

## नोएडा और ग्रेनो के दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग में भी नंबर वन है जिला

माई सिटी रिपोर्टर

**ग्रेटर नोएडा /नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर देश का सबसे बड़ा एआई सेंटर बनने जा रहा है। जिले में इस सेक्टर की कई कंपनियां निवेश कर रही हैं। शनिवार को नॉर्थ इंडिया के पहले एआई सेंटर का शुभारंभ करने पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बातें कहीं। उन्होंने जिले में एआई आधारित इंजीनियरिंग सेंटर का भी लोकर्पण किया।

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नोएडा में आईटी कंपनियों की तीन नई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह नोएडा के साथ ही उत्तर भारत में आईटी के नए युग की शुरुआत है। एआई, ब्रांड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी पर इनोवेशन नोएडा में होंगे। नोएडा-ग्रेटर नोएडा तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरे हैं। वहीं उत्तर प्रदेश मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 65 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफेक्चरिंग में 55 फीसदी हिस्सेदारी के साथ देश में नंबर-1 पर पहुंच गया है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सूत्र वाक्य परफॉर्म, रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म पर प्रदेश सरकार की तरफ से प्रभावी की गई नीतियों का परिणाम है।

शनिवार को सीएम ने सबसे पहले सेक्टर-132 में सिफी के डाटा सेंटर का लोकार्पण किया। यह डाटा सेंटर उत्तर भारत का सबसे बड़ा एआई सक्षम डाटा सेंटर बताया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन को आगे बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश पिछले 8 वर्षों में डाटा सेंटर हब के रूप में उभरा है। इसके बाद मुख्यमंत्री सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट के रिसर्च एंड डेवलपमेंट के नोएडा कैंपस के भूमि पूजन के लिए पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री ने कहा, यह माइक्रोसॉफ्ट का इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के बाद सबसे बड़ा कैंपस बनकर तैयार होगा। माइक्रोसॉफ्ट के इस बड़े निवेश के फैसले ने साबित कर दिया है कि उत्तर प्रदेश निवेशकों के लिए पहली प्राथमिकता और पंसद बना हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कैंपस 15 एकड़ में बनेगा और मुझे बताया गया है कि यहां एआई, ब्रांड कम्प्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसे इनोवेशन होंगे। आखिर में मुख्यमंत्री सेक्टर-145 में सॉफ्टवेयर कंपनी एमएक्यू के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे। यहां कंपनी की तरफ से बताया गया कि यह उनका एआई इंजीनियरिंग सेंटर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा, यह सेंटर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में रिसर्च और डेवलपमेंट की संभावनाओं को बढ़ाएगा। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

**वित्त मंत्री, औद्योगिक विकास मंत्री भी रहे मौजूद :** मुख्यमंत्री के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी, प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह मौजूद रहे। सेक्टर-128 स्थित हेलीपैड पर औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने स्वागत किया। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह व नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम भी मौजूद रहे। >> साठा 84 को दी डिग्री कॉलेज, अस्पताल व आईटीआई की सौगात : पेज 2



ग्रेनो के दादरी स्थित एनटीपीसी स्टेडियम में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ । स्रोत सूचना विभाग

### महाकुंभ रहा सफल टूरिज्म के लिए भारत की ओर देख रही दुनिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ में 66 करोड़ 33 लाख लोगों ने डुबकी लगाई। देश और विदेश से श्रद्धालु प्रयागराज आए। सुविधा की परवाह किसी ने भी नहीं की। हमने सोचा था कि रोजाना एक करोड़ से कम लोग ही आएंगे,लेकिन डेढ़ से दो करोड़ लोग आए। श्रद्धालुओं के लिए संगम नोज से तीन से चार किलोमीटर दूर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी,लेकिन भीड़ के कारण पार्किंग का स्पेस कम पड़ गया। लोगों को 10 से 15 किमी तक पैदल चलना पड़ा। उसके बाद भी संगम में डुबकी लाने वाले हर श्रद्धालु खुश होकर गए। महाकुंभ की सफलता के बाद कह सकता हूं कि टूरिज्म बहुत बड़ा सेक्टर है। दुनिया भारत की ओर देख रही है।

### पांच घंटे जिले में रहे मुख्यमंत्री योगी

- **सुबह 11 बजे :** सेक्टर-128 स्थित हेलिपैड पहुंचा सीएम का हेलीकॉप्टर।
- **सुबह 11.15 बजे :** सिफी के डाटा सेंटर परियोजना के लोकार्पण के लिए पहुंचे सीएम योगी।
- **दोपहर 12.00 बजे:** सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट की परियोजना का भूमि पूजन व एमएक्यू की परियोजना का लोकार्पण किया।
- **दोपहर 12.56 बजे:** सेक्टर-145 हेलिपैड से ग्रेटर नोएडा रवाना हुए।
- **दोपहर 01:00 बजे :** नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में सीएम योगी का हेलीकॉप्टर उतरा ।
- **दोपहर 01:30 बजे :** शारदा विश्वविद्यालय के सभागार में पहुंचे।
- **दोपहर 02:00 बजे :** शारदा विश्वविद्यालय से निकले।
- **दोपहर 02:38 बजे :** सीएम योगी हेलिपैड पर पहुंचे
- **दोपहर 02:39 बजे :** हेलीकॉप्टर से दादरी स्थित एनटीपीसी के लिए रवाना हुए
- **दोपहर 02:46 बजे :** एनटीपीसी में हेलीकॉप्टर उतरा
- **दोपहर 02:57 बजे :** महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया
- **दोपहर बाद 03:05 बजे :** सीएम योगी जनसभा स्थल पहुंचे
- **दोपहर 03:34 बजे :** सीएम योगी का संबोधन शुरू हुआ
- **शाम 04:07 बजे :** जनसभा स्थल से रवाना हुए सीएम
- **शाम 04:07 बजे :** सीएम योगी हेलिपैड पहुंचे
- **शाम 04:16 बजे :** हेलिपैड से रवाना हुए।

## डबल इंजन की सरकार ने आठ वर्षों में 40 मेडिकल कॉलेज बनाए

**शारदा विवि में शारदा केयर हेल्थसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्टिपल के शुभारंभ के दौरान बोले सीएम योगी**

माई सिटी रिपोर्टर

**ग्रेटर नोएडा।** आजादी के बाद से 2017 तक प्रदेश में केवल 12 मेडिकल कॉलेज बन पाए थे। जबकि डबल इंजन की सरकार में आठ वर्षों में 40 मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। निजी क्षेत्र में 37 मेडिकल कॉलेज बनकर चालू हो चुके हैं। जबकि तीन मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर हैं।

महराजगंज, संभल और शामली में बन कर तैयार मेडिकल कॉलेजों में नए सत्र से इन कॉलेज में पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। शनिवार को नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय में शारदा केयर हेल्थसिटी मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के शुभारंभ के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बातें कहीं। उन्होने कहा, बालिया व बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। प्रदेश में छह जनपद में ही मेडिकल कॉलेज नहीं है। वहां भी जल्द बनाए जाएंगे। दो एम्स रायबरेली और गोरखपुर में चल रहे हैं। हर जनपद में सीटी स्कैन और एमआरआई की व्यवस्था शुरू हो चुकी है। 600 बेड अतिरिक्त अस्पताल होने के साथ शारदा अस्पताल में अब 1800 बेड हो गए हैं। नया अस्पताल खुल जाने से जनपद के आसपास के मरीजों को अब एम्स नहीं जाना होगा। प्रदेश में धन की कमी नहीं है बल्कि अच्छे संस्थान की जरूरत है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुविधाएं बढ़ाई जा रहीं

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी सुविधाएं बढ़ रही हैं। हर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लग रहा है। जहां ओपीडी के साथ टेस्ट भी किए जा रहे हैं। प्रदेश में 10 करोड़ लोग आयुष्मान योजना से जुड़ गए हैं। बजट में आशा वर्कर, आंगनवाड़ी, गांव के चौकीदार के साथ अन्य लोगों के लिए पांच लाख के बीमे की व्यवस्था की गई है।